# मध्य प्रदेश में क्षमता निर्माण कार्यशाला

## चर्चा में क्यों

हाल ही में मध्य प्रदेश सरकार के **मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारियों (CISO)** के लिये **भोपाल** में **राज्य क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित** की गई।

## मुख्य बिंदु

- यह कार्यक्रम **राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग (NeGD), इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY)** द्वारा मध्य प्रदेश (MP) सरकार के गृह विभाग तथा **मध्य प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग** व **MP-CERT** के सहयोग से आयोजित किया गया था।
- इस कार्यशाला का उद्देश्य **जन जागरूकता बढ़ाना, क्षमताओं का निर्माण करना** तथा **साइबर अनुकूल इकोसिस्टम का सृजन करने के लिये कदम उठाने में सरकारी विभागों को सक्षम बनाना** था।
- यह **साइबर सुरक्षा के बारे में समग्र सूचना** और ज्ञान प्रदान करता है जिससे कि सरकारी विभाग अपनी **साइबर स्वास्थ्यकारिता, सुरक्षा तथा संरक्षा** की देखभाल कर सकें जिससे **डिजिटल इंडिया कार्यक्रम** को सुगमता मिलती है।

## राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग (NeGD)

- इसे **वर्ष 2009 में इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत ई-गवर्नेंस परियोजनाओं के कार्यान्वयन** का समर्थन करने तथा केंद्रीय एवं राज्य मंत्रालयों/विभागों को तकनीकी एवं व्यवसायिक सहायता प्रदान करने के लिये स्थापित किया गया था।
- NeGD ने कई राष्ट्रीय सार्वजनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किये हैं और उनका प्रबंधन कर रहा है, जैसे **डिजीलॉकर**, **उमंग**, रैपिड असेसमेंट सिस्टम, ओपनफोर्ज, API सेतु, पोषण ट्रैकर, अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट, राष्ट्रीय शैक्षणिक डिपॉजिटरी, **राष्ट्रीय AI पोर्टल**, **माईस्कीम**, इंडिया स्टैक ग्लोबल, **मेरी पहचान** आदि।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/capacity-building-workshop-in-madhya-pradesh